प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
04.11.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18.00 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज चंबा जिला के चुराह विधानसभा क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति, सड़क निर्माण और मंडल कार्यालय भवन से जुड़ी अनेक विकासात्मक परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास किए। इस अवसर पर भंजराडु में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों से क्षेत्र के लोगों को स्वच्छ पेयजल, बेहतर सड़क सुविधा और सुदृढ़ प्रशासनिक व्यवस्था का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार इस क्षेत्र के विकास में कोई कमी नहीं आने देगी। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि चुराह में डॉक्टरों की भर्ती कर स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है ताकि लोगों को ईलाज के लिए बाहर न जाना पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए प्राकृतिक रूप से उगाई मक्की 50 रूपए प्रति किलो की दर से खरीदी जाएगी, जिससे चुराह क्षेत्र के किसानों को लाभ मिलेगा।

मंत्रिमंडल–अग्निवीर

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने चार वर्ष की सेवा पूरी करने के बाद सेवा से बाहर होने वाले अग्निवीरों की सेवा अवधि दो वर्ष बढ़ाने को मंजूरी दी है। नई दिल्ली में आज मंत्रिमंडल की बैठक के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल एन. एस. राजा सुब्रमणि ने बताया कि सेवा से बाहर होने वाले 75 प्रतिशत अग्निवीरों को अब दो वर्ष का अतिरिक्त सेवा अवसर दिया जाएगा। इसके बाद सशस्त्र बलों में बने रहने के इच्छुक अग्निवीरों को सेना में शामिल किया जाएगा। जनरल राजा सुब्रमणि ने बताया कि 25 प्रतिशत अग्निवीरों को योग्यता के आधार पर नियमित बलों में शामिल किया जाएगा।

राजा सुब्रमणि ने कहा कि सेवा अवधि बढ़ने के साथ अग्निवीरों को अधिक पारिश्रमिक भी मिलेगा।

राज्यपाल

राज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने समावेशी समाज के निर्माण के लिए सामुहिक प्रयासों का आह्वान करते हुए दिव्यांगजनों को सहानुभूति नहीं बल्कि समान अवसर, सम्मान और प्रोत्साहन देने पर बल दिया है। वे आज मंडी जिला के सुंदरनगर में स्पेशल ओलंपिक भारत की हिमाचल ईकाई द्वारा आयोजित दीपावली उत्सव– विशेष बच्चों की क्षमताओं का उत्सव कार्यक्रम में बोल रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में समावेशी विकास और समाज के हर वर्ग की भागीदारी को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है ताकि विकास की प्रक्रिया में कोई भी वर्ग पीछे न छूट सके।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत निरंतर विकास, सुशासन और एक समृद्ध लोकतंत्र की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंडी में आयोजित लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पदयात्रा के बाद सेरी मंच में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कांग्रेस पर वोट चोरी के नेरेटिव पर निशाना साधा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि पदयात्रा में मंडी की सड़कों पर उमड़ा जनसमर्थन इस बात का जीवंत प्रमाण है कि प्रदेश की जनता संवैधानिक संस्थाओं व लोकतंत्र की गरीमा की रक्षा के लिए एकजुट होकर खड़ी है। जयराम ठाकुर ने कहा कि देश की निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया पर कांग्रेस द्वारा वोट चोरी जैसे झूठे व तथ्यहीन भ्रामक प्रचार से जनता को गुमराह करने का असफल प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के लिए जनता का दिल जीतना पड़ता है, जबकि कांग्रेस अराजकता का सहारा ले रही है। जयराम ठाकुर ने दावा किया कि भाजपा इस बार मंडी में 10 में से 10 सीटें जीतेगी और प्रदेश में प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में आएगी।

तंबाकू मुक्त

तंबाकू मुक्त युवा अभियान के तीसरे चरण में एक सौ 12 गांवों को तंबाकू मुक्त बनाने के साथ ऊना जिला प्रदेश में पहले स्थान पर रहा। उपायुक्त जतिन लाल ने आज ऊना में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित विभागों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने अभियान के चौथे चरण में सभी को आपसी समन्वय से काम करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि 28 अक्तूबर से शुरू हुए तंबाकू मुक्त युवा अभियान का चौथा चरण 26 दिसंबर तक चलेगा।

————————————————————